an>

Title: Regarding providing fertilizer subsidies to farmers.

श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा) : महोदय, माहवार और राज्यवार अनुमान के आधार पर उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करके राज्यों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का आवंटन करके तथा एक ऑनलाइन वेब आधारित निगरानी प्रणाली जिसे उर्वरक निगरानी प्रणाली कहा जाता है, राज्य संस्थानिक एजेंसियों जैसे मार्कफेड आदि माध्यम से रेलवे रैक इंडेंट देकर आपूर्ति को कारगर बनाया है। उर्वरक प्रेÂिात करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाए जाते हैं। एफसीओ राज्य सरकारों को तर्कसंगत कीमतों पर अपने-अपने राज्यों में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए उपयुक्त कदम उठाने की शक्ति प्रदान करता है। उर्वरक की समय पर उपलब्धता के लिए जनपद लखीमपुर खीरी के मैगलगंज में रेलवे रैक उतारी जाए, जिससे समय पर खाद उपलब्ध होने का प्रभाव उत्पादन पर व किसान की आमदनी पर प्रभाव पड़ेगा। कीटनाशक रसायनों की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता है तथा उर्वरक सब्सिडी का सीधा लाभ किसानों को प्रत्यक्ष हस्तांतरण द्वारा देने की व्यवस्था की जाए। इन प्रयत्नों से किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा, जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी।